# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{04 श्रावण, 1941 (श०)}}{\text{26 जुलाई, 2019 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 04**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग -- | 04 |

चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना

34. श्री अवधेश कुमार सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 जुलाई, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''बरसाती बीमारियाँ शुरू पर अस्पताल तैयार नहीं'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बारिश का मौसम शुरू होते ही बरसात जनित बीमारियाँ भी पाँव पसारने लगी है और डायरिया के साथ-साथ डेंगू, मलेरिया के मरीज अस्पतालों में आने लगे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के तीन अस्पताल पी0एम0सी0एच0, आई0जी0आई0एम0एस0 एवं एन0एम0सी0एच0 को छोड़ दिया जाये तो अधिकतर अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध नहीं है और ग्रामीण इलाके में स्थित अस्पतालों में स्थिति और खराब हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी अस्पतालों में बरसात जनित बीमारियों के कारगर इलाज की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जूनियर रेसिडेंट एवं सीनियर रेसिडेंट का कार्य कराना

35. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एम0बी0बी0एस0 पास छात्रों को जूनियर रेसिडेंट एवं MD/MS पास छात्रों को सीनियर रेसिडेंट के रूप में तीन वर्षों तक कार्य करने दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मेडिकल/दन्त चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में BDS पास छात्र को जुनियर रेसिडेंट एवं MDS पास छात्र को सीनियर रेसिडेंट के रूप में कार्य नहीं करने दिया जाता है जिससे आम जनता को दंत चिकित्सा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक एम0बी0बी0एस0 पास छात्र के अनुरूप BDS एवं MDS पास छात्र को भी जूनियर रेसिडेंट एवं सीनियर रेसिडेंट के रूप में कार्य करने का मौका देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

36. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, मधुबनी, सीवान जिला सहित राज्य के 25 सदर अस्पतालों में 9, सदर अस्पतालों को 500, 11 सदर अस्पतालों को 300 एवं 5 सदर अस्पतालों को 100 शय्याओं के रूप में उत्क्रमित करने हेतु 54,52,64,884 रु0 एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 में 50,85,99,006 रु0 व्यय की स्वीकृति मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 17 जनवरी, 2009 को दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में राज्य के 25 सदर अस्पतालों में फिजीशियन, जनरल सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सक, महिला चिकित्सक एवं अन्य 32 पदों पर कुल 3,592 एवं वर्ष 2010-11 में 3,940 सृजित पदों पर स्थायी सृजन हेतु स्वीकृति मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 17 जनवरी, 2009 को दी गयी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि आवंटन के बावजूद अस्पतालों को उत्क्रमित एवं सृजित पदों के विरुद्ध नियुक्ति नहीं करने का औचित्य क्या है ?

कार्रवाई करना

37. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 अक्टूबर, 2018 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''सरकारी अस्पतालों की 156 प्रकार की दवाएँ जाँच में हुई फेल'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी अस्पतालों के लिये खरीदी गई दवाओं में जाँच के क्रम में 156 प्रकार की दवाओं को बी0एम0एस0आई0सी0एल0 ने सब-स्टैण्डर्ड पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने बड़े पैमाने पर दवाओं के सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने से रोगियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सब-स्टैण्डर्ड दवा सप्लाई करने वाली एजेन्सी एवं संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 26 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग–5

शुक्रवार, तिथि $\dfrac{\text{04 श्रावण, 1941 (श०)}}{\text{26 जुलाई, 2019 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या–01

| | |
|---|---|
| (1) योजना एवं विकास विभाग ........................................ | 01 |
| कुल योग | 01 |

## गरीबी का उन्मूलन

'अ' 30. **श्री समीर कुमार महासेठ** - स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक-13 जुलाई, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार के 38 जिलों में 11 ऐसे जिनमें 10 में 6 लोग गरीब'' के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से जारी ग्लोबल मल्टीडाईमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्टस (एम०पी०आई०) की ताजा रिपोर्ट में प्रकाशित हुआ है कि भारत में सबसे गरीब राज्य बिहार है और राज्य के 38 जिलों में से 11 जिले ऐसे हैं जिनमें 10 में से 6 लोग गरीब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 11 जिले उत्तर बिहार के हैं और इनमें भी विशेषकर अररिया व मधेपुरा में गरीबों की संख्या 10 में 7 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि देश में 60 प्रतिशत से ज्यादा गरीब वाले कुल 640 जिले हैं, जिनकी कुल आबादी 4 करोड़ है जिसमें से 2,00,80,000 लोग बिहार के हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य की गरीबी समाप्त करने के लिये कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

---

**नोट-'अ' - दिनांक 24.07.2019 को सदन द्वारा योजना एवं विकास विभाग में स्थानान्तरित ।**

---

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना
दिनांक-26 जुलाई, 2019 (ई०) ।

-----